卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 98 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦13 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# पेपर लीक पर फूटा गुस्सा

## विधायक के साथ आयोग के कार्यालय में घुसकर युवाओं ने काटा हंगामा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा कराई गई पटवारी लिखित परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। युवाओं ने आयोग के कार्यालय में घुसकर जमकर हंगामा किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पटवारी परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला शुक्रवार को तूल पकड़ गया। विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे हाथों हाथ लेते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा




खोल दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर के नेतृत्व में बैरियर तोड़ते हुए लोक सेवा आयोग के अंदर घुसकर हंगामा किया। लोक सेवा आयोग में कांग्रेसियों के घुसने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया और मकर सक्रांति की ब्रीफिंग छोड़ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बमुश्किल कार्यकर्ताओं को रोका। इस दौरान ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने आरोप लगाया कि सरकार बेरोजगारों के सपनों को निगलने का काम कर रही है। एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं लेकिन सरकार मामले की सीबीआई जांच कराने से बच रही है। पुष्कर सिंह धामी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# यूकेएसएसएससी की भर्ती निरस्त करने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी)की ओर से 900 सौ से अधिक पदों पर चयन को निरस्त करने का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार व आयोग को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। जानकारी के अनुसार चयनित अभ्यर्थी जगपाल सिंह व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि आयोग की ओर से स्नातक स्तरीय में समूह ग समेत अन्य पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गयी थी। 4-5 दिसंबर 2021 को परीक्षा हुई और 7 अप्रैल को परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। करीब डेढ़ लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जिसके आधार पर 916 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों के चयन के बाद उनके सर्टिफिकेट का सत्यापन भी हो गया। इस मामले में पेपर लीक के बाद मुकदमा दर्ज हुआ और बाद में सभी नियुक्तियों को निरस्त कर दिया (शेष पृष्ठ सात पर)

**सरकार और आयोग को नोटिस जारी 17 फरवरी को होगी सुनवाई**

# तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त एक शातिर बदमाश को पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसके



कब्जे से 315 बोर का तमंचा कारतूस बरामद करते हुए मोटरसाइकिल कब्जे में ले लिया। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाश को पुलिस द्वारा आवश्यक धाराओं में चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कुंडेश्वरी पुलिस को पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि एक युवक अवैध हथियारों की तस्करी में लिप्त है। वह अवैध हथियारों के साथ वीडियो भी बनाता है। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने कुंडेश्वरी क्षेत्र के ढकिया तिराहे के पास से सिटी हंड्रेड मोटरसाइकिल पर फर्राटा भर रहे एक (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो चोरियों का खुलासा,नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दो दुकानों से लैपटॉप, मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी करने के मामलों का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी में लिप्त एक चोरों ने सरदाजी टेलीकॉम में धावा बोलकर लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया था। मामले में दुकान स्वामी गुरनाम सिंह ने चोरी की रिपोर्ट



नाबालिग सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी हुआ माल बरामद कर लिया है। बता दें 29 दिसम्बर को जनता इंटर कालेज के पास दर्ज करायी थी। वहीं 7 जनवरी को बालाजी द्वार के पास बीके टेलीकॉम से चोरों ने मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया था। दुकान स्वामी लाल चन्द्र कालड़ा ने मामले की रिपोर्ट कराई थी। दोनों चोरियों के खुलासे के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गयी थी। छानबीन में जुटी पुलिस ने मामले (शेष पृष्ठ सात पर)

# घर से नगदी व जेवर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर वहां से हजारों की नगदी, जेवर व मोबाईल चोरी कर लिये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में देवेन्द्र कुमार पुत्र नन्द राम निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

# हजारों की नगदी के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना पुलिस ने लिपटिस के बाग में जुआ खेलते पांच जुआरियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए फंड़ से 20 हजार की नकदी के अलावा ताश की गड्डी तथा जामा तलाशी में जुआरियों के कब्जे से 10 हजार रुपयों की नकदी बरामद किया है। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार जो गाड़ियों को पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस क्षेत्र में अपराधियों की टोह ले रही थी इसी दौरान उसने कुदैयोवाला तिराहे के समीप लिपटिस के बाग (शेष पृष्ठ सात पर)

# पूजा अर्चना के साथ उत्तरायणी महोत्सव का आगाज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में शैल सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित उत्तरायणी महोत्सव का शुक्रवार को मेयर रामपाल सिंह और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान सूर्य उत्तरायण होकर मकर राशि में आते हैं तो इसे मकर संक्रांति के रूप में देशभर में मनाया जाता है। अलग अलग क्षेत्रें में इस पर्व को अलग अलग नाम दिये गये हैं। कोई इसे लोहड़ी के रूप आंगन में भी इस लोक पर्व को कई वर्षों से आपसी सदभाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने महोत्सव के आयोजन के लिए शैल सांस्कृतिक समिति के प्रयासों की सराहना की और ऐसे आयोजनों में अपना





दिवाकर पाण्डे समेत समिति के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि लोक संस्कृति का पर्व उत्तरायणी पूरे देश में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है इस पर्व का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व सामाजिक सदभाव को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता रहा है। जब मे मनाता है तो कोई इसे उत्तरायणी, मकर सक्रांति या खिचड़ी पर्व के रूप में मनाता है। इस पर्व पर सूर्य पूजा के साथ ही पवित्र नदियों में स्नान और श्रद्धा अनुसार जरूरतमंद लोगों को दान करने की प्राचीन परंपरा रही है। उत्तराखण्ड में इस पर्व का विशेष महत्व हैं कुमांऊ में इसे उत्तरायणी के रूप में पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि तराई के हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दो दिन चलने वाले इस महोत्सव में कई (शेष पृष्ठ 7 पर)

# हादसे में घायल वरिष्ठ पत्रकार श्रीवास्तव की हालत नाजुक

## अनियंत्रित क्रेटा कार ने मारी थी टक्कर,सिर पैर आंख व हाथ में गंभीर चोट

काशीपुर/रामनगर(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव की हालत काशीपुर के सहोता अस्पताल में लगातार नाजुक बनी है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उपचार कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर गुरुपाल सहोता ने फिलहाल हालत खतरे से बाहर बतायी है। उधर पुलिस के अधिकारियों, समाज सेवा से जुड़े लोगों के अलावा देवभूमि पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अशोक गुलाटी तथा महामंत्री जगदीश चंद्र, उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा, रजा इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर एवं प्राइम



काशीपुर के संपादक आसिफ हुसैन को घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल अस्पताल पहुंचकर पत्रकार को ढांढस बंधाते हुए यथासंभव मदद की बात की। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव ऑफिस के कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर वाया मालधन रामनगर की ओर जा रहे थे इसी दौरान चोर पानी के समीप सामने से द्रुतगति से चली आ रही काली रंग की क्रेटा कार संख्या एच आर 10-1818 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारकर पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक्सीडेंट में अत्यधिक चोट लगने के कारण पत्रकार मौके पर बेहोश हो गए। इस दौरान आरोपी वाहन चालक ने पत्रकार की (शेष पृष्ठ सात पर)

# नैनीताल में हिमपात से खिले चेहरे

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल की ऊंची चायनापीक चोटी पर मौसम का पहला व हल्का हिमपात हुआ है। जबकि नगर क्षेत्र में बर्फ की फुहारों के साथ ओले गिरे। शुक्रवार सुबह के समय हिमपात से सैलानियों के चेहरे खिल उठे। चायना पीक समेत किलबरी व छाया वाले क्षेत्र में बर्फ की चादर सी बिछ गई। नगर के निचले क्षेत्र



में ओले गिरने से प्रतीत होने लगा कि अब हिमपात भी देखने को मिलेगा, लेकिन बर्फबारी का यह मिजाज अधिक समय बना नहीं रह सका और हिमपात थम गया और तापमान अधिक होने के कारण बर्फ जल्द ही पिघल गई। मौसम ने पुनः करवट बदली और मौसम भी साफ हो गया। धूप निकल आई और कुछ ही देर में बर्फ भी पिघल गई। इसके बाद धूप-छांव का खेल शुरू हो गया। मौसम में आए बदलाव से बेतहाशा ठंड पड़नी शुरू हो गई है। ठंड से राहत पाने के लिए लोगों को हीटर व आग का सहारा लेना पड़ रहा है। इधर मौसम विभाग के अनुसार ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात व बारिश के आसार बने हुए हैं। शुक्रवार रात तक मौसम पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने की संभावना है।

# चोरी की योजना बनाते चार गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। राजकीय चिकित्सालय के पिछले हिस्से में झाड़ियों में छिप कर चोरी की योजना तैयार कर रहे चार शातिर चोरों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चार अदद चाकू बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े हुए बदमाशों का पुलिस द्वारा चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे (शेष पृष्ठ सात पर)

**ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध**

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku d bPNd 0;fDr lid dj
ekckby lid&8077683095

# जोशीमठ के लिये पुनर्वास नीति बनायेगी सरकार

## भूधंसाव के कारण जानने को अलग-अलग हो रही जांच, केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट
## सीबीआरआइ की टीम जोशीमठ पहुंचकर क्षतिग्रस्त भवनों के सर्वेक्षण में जुटी
## एसडीआरएफ की आठ टुकडियां और सेना, आइटीबीपी के हेलीकाप्टर तैनात

देहरादून(उद ब्यूरो)। भूधंसाव से अस्तित्व संकट का सामना कर रहे जोशीमठ को बचाने और स्थानीय नागरिकों के पुनर्वास को सरकार ने रणनीतिक कदम उठाने की तैयारी कर ली है। भू धंसाव के लिए अब तक बड़े कारण के रूप में अलकनंदा नदी से जोशीमठ की तलहटी में हो रहे कटाव को आंका गया है। पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल की शुक्रवार को होने वाली बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। साथ में क्षेत्र में असुरक्षित हो गए भवनों के निवासियों के अस्थायी एवं स्थायी पुनर्वास के साथ ही उन्हें तत्काल राहत के रूप में मुआवजा देने के प्रस्ताव पर भी मंत्रिमंडल की मुहर लगेगी। केंद्र को भेजे जाने वाले लगभग एक हजार करोड़ के राहत पैकेज के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी जाएगी। भू धंसाव से प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सेना, आइटीबीपी के हेलीकाप्टर तैनात किए गए हैं। एनडीआरएफ की दो टीम तैनात हैं, जबकि जोशीमठ के लिए और एक टुकड़ी रवाना की जा रही है। जोशीमठ में एसडीआरएफ की आठ टुकडियां तैनात की गई हैं। प्रभावितों को प्रति परिवार 5000 रुपये घरेलू राहत सामग्री के लिए दिए गए हैं। अभी तक कुल 73 प्रभावितों को यह राशि दी गई है। अधिक या पूर्ण क्षतिग्रस्त भवनों के लिए 10 प्रभावितों को 13 लाख रुपये, 4000 रुपये प्रति परिवार की दर से तीन परिवारों को 12 हजार रुपये वितरित किए गए हैं। आपदा प्रबंधन सचिव के अनुसार भूधंसाव प्रभावित क्षेत्रों के विस्थापित परिवारों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। इनकी कुल सदस्य संख्या 589 है। अस्थायी शिविर के लिए जोशीमठ में चयनित 344 कक्षों में 1425 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है। पीपलकोटी में 491 कक्षों में 2205 व्यक्ति ठहर सकेंगे। चार वार्डों गांधीनगर वार्ड संख्या-एक, सिंहधार वार्ड संख्या-चार, मनोहर बाग वार्ड संख्या-पांच और सुनील वार्ड संख्या-सात और उनके 128 भवन असुरक्षित घोषित किए गए हैं। जोशीमठ में बीती दो जनवरी से भूधंसाव की विकट स्थिति सामने आने के बाद राज्य सरकार की मशीनरी और केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। शहर और शहरवासियों की सुरक्षा को विभिन्न स्तर पर फौरी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। साथ में राज्य सरकार के साथ ही केंद्रीय संस्थानों के स्तर से भूधंसाव के कारणों की पड़ताल भी की जा रही है। अभी तक प्रारंभिक तौर पर जो भी निष्कर्ष सामने आए हैं, उन पर अब मंत्रिमंडल की मुहर लगेगी। आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत सिन्हा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जोशीमठ की सुरक्षा और पुनर्वास को लेकर शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में अहम निर्णय लिए जाएंगे। पुनर्वास के लिए चिह्नित किए जा रहे स्थलों का भी भूगर्भीय सर्वेक्षण होगा। जोशीमठ में ड्रेनेज संबंधित कार्यों और टो-इरोजन की रोकथाम को ईपीसी मोड में तत्काल कार्य प्रारंभ करने को सिंचाई विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसमें प्रस्तावित एकल स्रोत की संस्था नामित करने को पत्रावली वित्त को भेजी गई है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि जोशीमठ में भूमि धंसने के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर अलग-अलग जांच की जा रही हैं। आइआइटी रुड़की भू-तकनीकी अध्ययन कर रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रिमोट सेंसिंग (आइआइआरएस) लैंड मूवमेंट के सेटेलाइट फोटो उपलब्ध कराए जाएंगे। जीएसआइ प्रभावित क्षेत्र का भूमि सर्वेक्षण एवं पुनर्वास के लिए चयनित भूमि का भूगर्भीय अध्ययन किया जा रहा है। वाडिया हिमालय भूवैज्ञानिक संस्थान क्षेत्र का भूकंपीय दृष्टि से अध्ययन कर रहा है। तीन भूकंपीय स्टेशन लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त भूमिगत उप सतही सर्वेक्षण के भू-भौतिकीय अन्वेषण शुरू किया गया है। डा सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ) प्रभावित क्षेत्र का भू-भौतिकीय अध्ययन कर रहा है। इसका हाइड्रोलाजिकल मैप भी उपलब्ध कराया जाएगा। एनजीआरआइ की टीम शुक्रवार को जोशीमठ पहुंच रही है। यह भूमिगत जल चौनल का अध्ययन करेगी। जोखिम मूल्यांकन को सीबीआरआइ, वाडिया इंस्टीट्यूट, जीएसआइ, आइआइआरएस व एनजीआरआइ की समिति गठित की गई है। उन्होंने बताया कि भवनों में धंसाव से क्षति के आकलन को सीबीआरआइ के साथ लोक निर्माण विभाग के 30 अभियंताओं की टीम भी लगाई है। सीबीआरआइ ध्वस्तीकरण से नुकसान का आकलन, ध्वस्त किए जाने वाले आवासों की निगरानी और अस्थायी पुनर्वास को प्री फैब हट की डिजायन तैयार किया जा रहा है। सीबीआरआइ की टीम जोशीमठ पहुंचकर क्षतिग्रस्त भवनों के सर्वेक्षण में जुट गई है। डा सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ में प्रारंभ में जल रिसाव 540 एलपीएम था। यह अब घटकर 240 एलपीएम हो गया है।






## इसरो की सेटेलाइट तस्वीरों से हुआ खौफनाक खुलासा

देहरादून। उत्तराखंड के जोशीमठ को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसरो की सेटेलाइट तस्वीरों ने जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव को लेकर वो सच सामने रखा है जो बेहद खौफनाक लगता है। इसरो की सेटेलाइट इमेज से खुलासा हुआ है कि पिछले 12 दिनों में जोशीमठ लगभग 5.4 सेंटीमीटर नीचे धंस गया है। इसरो ने जो ताजा रिपोर्ट जारी की है उसके अनुसार पिछले 12 दिनों में जोशीमठ तकरीबन 5.4 सेंटीमीटर नीचे धंस चुका है। जिस तरह से जमीन नीचे धंस रही है उसकी वजह से सड़क और घर में गहरी दरारें देखने को मिल रही हैं। इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ने जोशीमठ की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। जो तस्वीरें सामने आ रही हैं वह काफी चिंताजनक है। इसरो की सैटेलाइट तस्वीर के अनुसार 27 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच जोशीमठ 5.4 सेंटीमीटर नीचे धंस गई है। सैटेलाइट तस्वीरों में देखा जा सकता है कि आर्मी हेलीपैड और नरसिंह मंदिर व सेंट्रल जोशीमठ के सबसिडेंस औली रोड सबसे ज्यादा धंसाव वाले क्षेत्र हैं। अप्रैल 2022 और नवंबर 2022 के बीच जोशीमठ में 9 सेंटीमीटर जमीन नीचे धंस गई है। लेकिन पिछले एक हफ्ते में जमीन काफी तेजी से नीचे धंस रही है। चमोली जिला प्रशासन की ओर से भी जोशीमठ को भू-धसाव क्षेत्र घोषित कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में जोशीमठ में 700 से अधिक घरों की दीवारों और फर्श पर दरार देखने को मिली है। जिसकी वजह से इन लोगों को इस घर से ट्रांसफर कर दिया है। जो लोग प्रभावित हैं उनके लिए सरकार ने 1.5 लाख रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की है। बता दें कि जोशीमठ में जमीन धंसने की शुरुआत 2 जनवरी से शुरू हुई है। इसरो ने कहा कि क्राउन ऑफ सब्सिडेंस 20180 मीटर की ऊंचाई पर स्थित जोशीमठ-औली रोड के पास स्थित है। यहां पर अप्रैल 2022 से जमीन धंसनी शुरू हुई है। यहां 7 महीने के भीतर 9 सेंटीमीटर तक जमीन धंसी है। पहले जोशीमठ को मंदिरों के धंसने के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह बड़े पैमानी पर लोगों के घर और सड़क पर भी पहुंच गई है। जिसकी वजह से लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है।

# एनटीपीसी की टनल पर भी उठ रहे सवाल: होटल माउंट व्यू और मलारी इन का ध्वस्तीकरण शुरू

जोशीमठ(उद ब्यूरो)। जोशीमठ में भू-धंसाव को लेकर एनटीपीसी की टनल में निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। केंद्र की ओर से एनटीपीसी को अपने स्तर पर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि विष्णु प्रयाग जल परियोजना के लिए एनटीपीसी की ओर से बनाई गई सुरंग को लेकर लोगों के मन में शंकाएं हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से एनटीपीसी को सभी तथ्यों की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया, ताकि लोगों की शंकाओं का समाधान किया जा सके। बताते चलें कि इस बात की भी चर्चा है कि एनटीपीसी की ओर से बनाई गई सुरंग से ही पानी बाहर आ रहा है। बाईपास टनल बनाने के लिए विस्फोटकों का भी इस्तेमाल किया गया। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने भी एनटीपीसी को सवालों के घेरे में लेते हुए जांच की मांग की है। जोशीमठ में भू-धंसाव के बाद चिन्हित किए गए होटल माउंट व्यू और मलारी इन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आखिरकार बृहस्पतिवार दोपहर बाद शुरू हो गई। सीबीआरआई की देखरेख में अगले एक सप्ताह में दोनों होटलों को जमींदोज कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। दो दिन ऊहापोह की स्थिति के बाद बृहस्पतिवार को होटलों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई शुरू हुई। अपराह्न तीन बजे से बदरीनाथ हाईवे पर पुलिस-प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ की टीमें भी होटलों में मुस्तैद हो गईं। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंची क्रेन ने दोनों होटलों की छत से जनरेटर और पानी की टंकियों को बाहर निकाला। होटलों के आगे बिजली के खंभों को भी काटकर क्रेन से हटवाया गया। अपराह्न सवा चार बजे मलारी इन के मालिक ठाकुर सिंह राणा अपने परिवार के साथ होटल से बाहर आए और पुलिस अधिकारियों के साथ चले गए। इस दौरान ठाकुर सिंह राणा, पत्नी व बेटी भावुक हो गए। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम मलारी इन होटल की छत पर पहुंची। यहां रखे अन्य सामान को निकालने का काम शुरू किया गया। डीएम हिमांशु खुराना ने बताया, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) के वैज्ञानिकों की देखरेख में इन दोनों होटलों को डिस्मेंटल किया जा रहा है। सीबीआरआई ने एक सप्ताह में दोनों होटलों को डिस्मेंटल करने की बात कही है। सीबीआरआई की टीम ध्वस्तीकरण के साथ ही नुकसान का आकलन भी करेगी। जिन आवासों, भवनों को ध्वस्त किया जाना है, उनके अस्थायी पुनर्वास के लिए प्री फैब्रिकेटेड हट का डिजाइन भी तैयार करेगी। टीम की ओर से क्षतिग्रस्त भवनों के सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया गया है। जोशीमठ में तैनात किए गए सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम को शासन ने वापस देहरादून बुला लिया है। बताया जा रहा उनकी जगह किसी अन्य अधिकारी की वहां तैनाती की जाएगी। इसके साथ प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जोशीमठ पहुंच गए हैं, जो अगले कुछ दिन वहीं कैंप करेंगे।



# हाईकोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में मांगी सर्वे रिपोर्ट

## विशेषज्ञों की कमेटी में आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डा. पीयुष रौतेला व डा. एमपीएस बिष्ट को शामिल करने के निर्देश

नैनीताल। हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका में जोशीमठ में हो रहे लगातार भू धंसाव मामले को लेकर दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए सरकार की ओर से बनाई विशेषज्ञों की कमेटी में आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डा पीयूष रौतेला व डा एमपीएस बिष्ट को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। कमेटी से दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने जोशीमठ में निर्माण पर लगी पाबंदी को सख्ती से प्रभावी बनाने के आदेश भी सरकार को दिए हैं।गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की की खंडपीठ में मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व एनटीपीसी की तरफ से कहा गया कि सरकार इस मामले को लेकरबेहद गम्भीर है। जोशीमठ में सभी निर्माण कार्य रोक दिए है। प्रभावितों को हर संभव मदद कर रही है। भू धंसाव को लेकर सरकार वाडिया इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों की मदद ले रही है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष व चिपको आंदोलन के सदस्य रहे पीसी तिवारी की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जोशीमठ में लगातार भू धंसाव हो रहा है। घरों व भवनों में दरारें आ रही हैं, जिससे यहां के लोग दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। प्रदेश सरकार की ओर से जनता की समस्या को नजरंदाज किया जा रहा है और प्रभावितों के पुनर्वास के लिए ठोस रणनीति तैयार नहीं की गयी है। किसी भी समय जोशीमठ का यह इलाका तबाह हो सकता है। प्रशासन ने करीब ऐसे छह सौ भवनों की चिहृति किया है, जिनमे दरारें आयी है। ये दरारें दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।पत्र में यह भी कहा गया है कि 1976 में तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने जोशीमठ को लेकर विस्तृत रिपोर्ट सरकार को दी थी, जिसमें कहा गया कि जोशीमठ शहर मिट्टी व रेत कंकर से बना है, यहां कोई मजबूत चट्टान नही है, कभी भी भू धंसाव हो सकता है। निर्माण कार्य करने से पहले इसकी जांच की जानी आवश्यक। जोशीमठ के लोगो को जंगल पर निर्भर नहीं होना चाहिए, उन्हें वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों की व्यवस्था भी करनी चाहिए।25 नवंबर 2010 को आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ पीयूष रौतेला व एमपीएस बिष्ठ ने एक शोध जारी कर कहा था कि सेलंग के पास एनटीपीसी टनल का निर्माण कर रही है, जो अति संवेदनशील क्षेत्र है। टनल बनाते वक्त एनटीपीसी की टीबीएम फंस गयी, जिसकी वजह से पानी का मार्ग अवरुद्ध हो गया और सात सौ से आठ सौ लीटर प्रति सेकेंड के हिसाब से पानी ऊपर बहने लगा। यह पानी इतना अधिक बह रहा है कि इससे प्रतिदिन दो से तीन लाख लोगो की प्यास बुझाई जा सकती है। पानी की सतह पर बहने के कारण निचली भूमि खाली हो जाएगी और भू धंसाव होगा, इसलिए इस क्षेत्र में भारी निर्माण कार्य बिना सर्वे के न किये जाएं। उपपा नेता तिवारी ने चमोली जिले में ऋषिगंगा में आई भीषण बाढ़ के बाद 2021 में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार के पास आपदा से निपटने की सभी तैयारियां अधूरी हैं और सरकार के पास अब तक कोई ऐसा सिस्टम नहीं है, जो आपदा आने से पहले उसकी सूचना दे, उत्तराखंड में 5600 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाले यंत्र नहीं लगे हैं, उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रिमोट सेंसिंग इंस्टीट्यूट अभी तक काम नहीं कर रहे है, जिस वजह से बादल फटने जैसी घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। हाइड्रो प्रोजेक्ट टीम के कर्मचारियों के सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं, कर्मचारियों को केवल सुरक्षा के नाम पर हेलमेट दिए हैं, आपदा से निपटने को उन्हें कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, उनके पास कोई उपकरण भी नहीं हैं।

# सनातन धर्म महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियो द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में भारत देश का युवा क्या सोचता है? विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें निर्णायक के रूप में सीएमओ के डा. नवल किशोर एवं डा. विजय वर्मा मौजूद थे। प्रतियोगिता में इला, मान्या, शिवांगी, सोनी, ऐश्वर्या आदि स्वयंसेवीओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम इला, द्वितीय मान्या, तृतीय शिवांगी रही।स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं उनके विचार पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमे डा. नवल किशोर ने विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला कि ष्स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य को पाने के प्रेरित किया था।ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सतविंदर कौर ने भी विवेकानंद की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद ने युवाओं से कहा कि उठो बढ़ो और तब तक बढ़ते रहो जब तक कि लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए।ष महाविद्यालय की उपप्राचार्या डा. ज्योति अरोड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान सोनिया, रश्मि, मनीषा, सुमन, मुस्कान आदि छात्राएं शिक्षिका गण में डा ज्योति, डा. शिल्पा डा. नीमा, डा. श्वेता, डा. रजनी, डा. रेखा, डा.नीतू, डा. सत्यवती, डा. भावना नेहा नीतू नेहा आदि उपस्थित थी।







## शीघ्र आवश्यकता है

SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता**- 7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाइवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com



**लाहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं**

## अरोरा डेन्टल केयर

Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध

- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085

डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# राज्यपाल ने दी लोहड़ी की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को विशेषत: पंजाबी समुदाय को लोहड़ी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। लोहड़ी पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा की त्यौहार हमारे जीवन में उत्साह एवं उमंग लाते हैं। राज्यपाल ने कहा की देश, राज्य और समाज की तरक्की के लिए हमें तीज-त्यौहारों को मिलजुल कर मनाते हुए उनमें निहित भावना को अपनाते रहना होगा।


## वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



## आवश्यकता है

- एक सेल्स एग्जीक्यूटिव (Male)
- एक एकाउंटेंट (Male/Female)

(Salery-10000-15000)
Hero Motocorp Genuine Parts Distributorship.
Hero
-संपर्क करें-

M/S MOHINDRA AUTOMOTIVES
PLOT NO 22 WARD NO 19, II FLOOR NAINITAL ROAD AWAS VIKAS, RUDRAPUR,Mo.8755575456


# चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें युवा: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को ग्लोबल काउंटर टेररिज्म काउंसिल (जीसीटीसी) द्वारा दिल्ली में आयोजित ''राष्ट्रीय युवा सम्मेलन-2023'' में बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली प्रतिभाग किया। अपने संबोध न में राज्यपाल ने कहा कि आज के दिन हम महान व्यक्तित्व और युवाओं के पथ प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। स्वामी विवेकानंद के प्रेरक शब्दों ''उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए'' ने युवाओं को असीम प्रेरणा दी है। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत ही नहीं रहे हैं,



बल्कि अपने विचारों से विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा है।राज्यपाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं हमें बताती हैं कि आप अपने स्वयं के कौशल हैं, आप स्वयं अपनी प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा कि हमारा देश संस्कृति, विरासत, परम्पराओं और लोकगाथाओं से समृद्ध है। इन्हें अपनी शक्ति के रूप में प्रयोग करते हुए दुनिया को यह बताएं कि हमारा अमृतकाल न सिर्फ देश के विकास का काल बनेगा बल्कि दुनिया को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने में जिन पांच प्रणों की बात की उन पर हमें अमल करना होगा जिससे हम विश्व गुरु बनने के सफर को तय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास एवं प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी है। आप सभी को इस बात को समझते हुए अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना होगा।राज्यपाल ने कहा कि भविष्य में हमारे सम्मुख कई चुनौतियां हैं। जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता सहित कई मुद्दों के समाधान आप सभी युवाओं को खोजने होंगे। विश्व में युवाओं की सर्वाधिक संख्या होने के कारण यह जिम्मेदारी आप सभी को उठानी होगी।

# रैली निकालकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत गूलरभोज में युवा स्वच्छता रैली नगर पंचायत के द्वारा निकाली गई जिसमें सड़कों की सफाई की गई व्यापारियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चेयर पर्सन अनीता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, तरुण दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप



रघुवंशी, रमेश सागर, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, सतीश चुघ, प्रेम सागर, प्रकाश आर्य ,रवि ,शेष नारायण शुक्ला, मुकेश राजभर, सुखवंत बंटी, सचिन, अमरजीत, अमित, रोहित, महेश, ज्ञान प्रकाश, राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# जयंती पर स्वामी विवेकानंद जी को किया नमन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा ट्रांजिट कैंप में बड़े ही धूमधाम के साथ और उत्साह पूर्वक मनाया गया स इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की विधायक पद की प्रत्याशी रही रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती मीना शर्मा और महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता स्वामी विवेकानंद की मूर्ति स्थल पर एकत्र हुए जहां सभी कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिमल राय, विजय यादव, पूर्व प्रधान अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, डॉ सुमित राय, निगम पार्षद मोनू निषाद, सुशील मंडल,प्रीति साना, मोहन भारद्वाज, कैलाश राठौड़, उमा सरकार, अजय यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाधारी गंगवार, सुदर्शन शर्मा, रविंद्र गुप्ता, चौधरी राजवीर सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी और उद्योगपति उपेंद्र गिरी, राजेश कुमार, अरविंद सक्सैना, केरु मंडल, शंभू मौर्या सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सर्दी में भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं स्यालाटीट के ग्रामीण

गरुड़(उद संवाददाता)। कड़ाके की सर्दी में भी स्यालाटीट के ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। वृहद पेयजल योजना लड़खड़ा गई है। एक पखवाड़े से यह योजना ठप पड़ी है। जिससे स्यालाटीट गांव में गंभीर पेयजल संकट हो गया है। ग्रामीण नदी से पानी ढोकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। मटेना के क्षेपंस भोला दत्त तिवारी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु किए जाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे को सौंपे ज्ञापन में मटेना के क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला दत्त तिवारी व ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट ने



कहा है कि वृहद पेयजल योजना के चरमरा जाने से एक पखवाड़े से स्यालाटीट गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नलों में पानी नहीं आने से लोग काफी परेशान हैं। लोग ठंडे में दूरदराज क्षेत्रों से पानी ढो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल निगम के जेई द्वारा फोन भी नहीं उठाया जाता है और न ही उनकी समस्या सुनी जाती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो वे ग्रामीणों को साथ लेकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। एसडीएम राजकुमार पांडे ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु की जाएगी।

# विभिन्न मार्गों से निकाली जनजागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात सप्ताह के तहत जन जागरूकता रैली को एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। रैली इंदिरा चौक से शुरू हुई और विभिन्न मार्गों से होते हुए यातायात पुलिस कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने रैली में लोगों को यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। रैली में सीओ तपेश कुमार चंद,इंस्पेक्टर ट्रैफिक विजय विक्रम, सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट, टीएसआई धनपाल सिंह,एसआई सीपीयू दिनेश चंद्र उप्रेती, सीपीयू एसआई गोधन सिंह,एसआई सीपीयू सतपाल पटवाल, सीपीयू एसआई मुन्ना लाल, सीपीयू एसआई हरीश बिष्ट,हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद,हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह,रवि कुमार, योगेश जोशी, मनोज रावत, रविन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल दीपा आदि शामिल थे।




## ANANT GRAPHICS

Anant Graphics

We Deals In

All Kinds of Printing Solution...

Price | Time | Quality

Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing

Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com




















# प्रभु श्री राम के जीवन से लें प्रेरणा: हरि चैतन्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर व्यक्ति को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। यह बात श्री हरि कृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य महाप्रभु ने गत सायं स्वागत कालोनी भूरारानी में प्रेम छाबड़ा के आवास पर आयोजित श्री सुंदर कांड पाठ के समापन पर उपस्थित हरिभक्तों को प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने परिवार से पहले अपने कर्तव्य को हमेशा सर्वोपरी रखा। उन्होंने कहा हम सबको श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने चाहिए। साथ ही उनके चरित्र से प्रेरणा भी लेनी चाहिए। श्री महाराज ने कहा कि अपने घरों में श्री रामचरित मानस की कथा पढकर उसमें दी शिक्षाओं को जीवन में ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की लीलाओं को जानकर हमें इससे शिक्षा लेनी होगी। अपने माता पिता, गुरुजनों सहित सभी वरिष्ठ जनों का आदर सम्मान करना सीखना होगा। समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाना होगा। उन्होंने कहा कि परमात्मा एक है। उनके नाम उपासना



पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं। हम सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय हितैषी है। परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि मत,पंथ व संप्रदाय विभिन्न हो सकते हैं लेकिन धर्म एक ही है जो हमें राष्ट्रीयता, नैतिकता, मानवता व पारसस्परिक सौहार्द का संदेश देता है। आज धर्म के अनुष्ठान बहुत बढ़ रहे हैं लेकिन आचरण अपेक्षाकृत उतना नहीं बढ़ रहा, जबकि धर्म मात्र अनुष्ठान का नहीं अपितु आचरण का विषय है। जीवन का अभिन्न अंग बन जाए धर्म। हर क्रियाकलाप में जुड़ जाए धर्म तो समाज में व्याप्त बुराइयाँ , विकृतियाँ व विकार हमारे जीवन में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मानव मन को ध र्म व अध्यात्म से ही नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए धर्म विहीन मनुष्य को पशु तुल्य कहा गया है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। इससे पूर्व श्री महाराज का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर हरि भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा व जयघोषों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। अंत में श्री महाराज जी की हरि भक्तों द्वारा आरती उतारी गई। इस दौरान सुरेश राजदेव, प्रेम छाबड़ा, प्रवीण बत्रा, अमन बत्रा, प्रियंका बत्रा, जगदीश अरोड़ा, चमन लाल अरोड़ा, प्रेम खुराना, प्रशांत बत्रा, विनोद शर्मा, सोमनाथ शर्मा, केशव, सोहनलाल, सरिता बत्रा, प्रिया बत्रा, चंचल रानी, अशोक, रमेश, सतीश, चंचल रानी, सुनीता रानी, अर्चना, सरोज, रवि शर्मा, मनीष कुमार, गौरव छाबड़ा, अंशुल, सरिता रानी, राजीव चौधरी, राधा चौधरी, सुनीता घई, प्रेम, राधा, चमनलाल साह, हिमाशु चौधरी, प्रमोद धींगरा सहित भारी संख्या में हरि भक्त मौजूद थे।

# एसएसपी ने काउंसलिंग कर एक परिवार को जोड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऐच्छिक ब्यूरो काउंसलिंग के दौरान एसएसपी पंकज भट्ट ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ दो परिवारों के मध्य चले आ रहे विवाद को आपसी समझौते से सुलझा कर उनको मिला दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष विभा दीक्षित क्षेत्राधिकारी नैनीताल, डॉ. युवराज पन्त, मनोचिकित्सक/काउंसलर, प्रभा पन्त सदस्य



एच्छिक ब्यूरो, राम सिंह बसेड़ा( अधिवक्ता) पूर्व अध्यक्ष बार एसोशियन की मौजूदगी में महिला उपनिरीक्षक सुनीता कुवंर प्रभारी महिला समाधान केंद्र हल्द्वानी के द्वारा ऐच्छिक ब्यूरो काउंसलिंग में कुल 12 प्रकरण रखें गये। जिसमें 11 मामलें में दोनों पक्षों के द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित हुए तथा दोनों पक्षों को बारी बारी से भली-भांति सुना गया। काउंसलिंग कराए जाने के पश्चात दो मामलों का निस्तारण किया गया। एक मामले में राजीनामा हुआ तथा आठ मामलों में आपसी सहमति से अग्रिम तिथि दी गई। जिसकी पुन: ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्य द्वारा काउंसलिंग की जाएगी।

# युवा दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन पाठक के आदेशानुसार गत दिवस सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में युवा दिवस के उपलक्ष में जागरूकता



शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिंकी तिवारी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों के विषय में कार्यक्रम में आए प्रतिभागियों को जानकारी दी। सुभाषिनी द्विवेदी द्वारा स्थाई लोक अदालत के विषय में बताया।

# एनएसएस स्वयंसेवीयों ने निकाली नशा उन्मूलन रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर राजकीय उच्चतर माध्यमिक रामपुरा में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत तीसरे दिन स्वयंसेवीओ ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा उन्मूलन रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए अनुज अग्रवाल तथा उनके दल के सदस्यों द्वारा छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने प्रीत विहार कॉलोनी, रम्पुरा ,फाजलपुर महरोला




इत्यादि कॉलोनियों में घूम कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। सभी स्वयंसेवी अपने हाथों में नशे के खिलाफ लिखे हुए नारे लेकर चल रहे थे। जिसमें नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ोष बीड़ी सिगरेट शराब तंबाकू यह है स्वस्थ जीवन के डाकू इत्यादि नारे लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। तत्पश्चात विद्यालय में आकर सभी स्वयंसेवियों ने नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने तथा स्वयं कभी भी नशा न करने की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, मोहम्मद अली अख्तर, वीरेंद्र ध्यानी, जगदीश भट्ट, सुधीर बाजपेई, नेहा अग्रवाल , रागिनी तथा पूजा वर्मा इत्यादि लोग सहित समस्त स्वयंसेवी उपस्थित थे।

# दुल्हन की तरह सज रही बागनाथ नगरी

## ❑कुमाऊंनी, गढ़वाली और स्टार कलाकार बिखेरेंगे संस्कृति की छटा
## ❑डीएम ने बड़ी स्क्रीन में लेजर शो को पहाड़ी में लगाने के निर्देश दिए





बागेश्वर (उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और मेला समिति की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। मेले को भव्य बनाने के लिए डीएम अनुराधा पाल ने प्रशासनिक व्यवस्था को मेले को अत्याधुनिक बनाने के लिए कोई कसर नही छोड़ने का उत्कृष्ट प्रयास किया है। मेले को भव्यता दिलाने के लिए लोनिवि, सिंचाई विभाग और अन्य विभागों को नगर को सजाने संवारने के निर्देश दिए है,वही डीएम की विशेष पहल से दिल्ली से आए प्रशिक्षित पेंटरों द्वारा रंगरोधन कर मेले को चार चांद लगा दिया है। लोग मेले का प्रमुख आकर्षण देखकर गदगद है।डीएम अनुराधा पाल ने बताया कि मेला विश्व पटल पर ऐतिहासिक बनाया जाएगा। वही मेलाध्यक्ष भी अपने कार्यकाल के अंतिम मेले को भव्य बनाने में जुटे है।एक ओर कुमाउनी-गढ़वाली स्टार कलाकार, सांस्कृतिक दल संस्कृतिक के रंग बिखेरेंगे, वहीं महाआरती, दीपोत्सव के साथ ही पहली बार भव्य लेजर शो, दंगल जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। वी- वायरस आर्ट स्टूडियों प्रायोजकों के माध्यम से मेगा स्टार पंजाबी गायक जस्सी गिल व बब्बल राय भी अपनी प्रस्तुति देंगे। जिससे स्थानीय लोंगो का भरपूर मनोरंजन होगा, वहीं संगीत के क्षेत्र में अपना भविष्य देख रहें युवा प्रोत्साहित होंगे। जिलाधिकारी अनुराधा पाल द्वारा निजी स्तर पर लगातार मेले को भव्य बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।डीएम ने देर शाम मेला स्थल पहुँचकर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। वही मेले को लेकर डीएम के विशेष पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। डीएम के प्रयासों से ही वी- वायरस आर्ट स्टूडियों बाहरी कंपनियों से प्रायोजित कराकर इस बार उत्तरायणी मेले में 15 जनवरी को पंजाबी स्टार गायक जस्सी गिल व बब्बल राय का मेगा नाइट आयोजित की जा रही है, जो सराहनीय कार्य है। जिला प्रशासन और मेला समिति मेगा स्टारों को सिर्फ मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रायोजक टीम उत्तरायणी मेले में बुलाने के लिए हंसराज रघुवंशी, जुबिन नौटियाल, पवनदीप राजन से संपर्क किया, मगर उनका समय नहीं मिल पाया। जिलाधिकारी ने वी-वायरस टीम का उत्तरायणी मेले मे स्टार नाइट प्रायोजित कराने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे युवा भी इससे सीख लें। अपनी कंपनी बनाकर बडी-बडी कंपनियों से समन्वय करते हुए बडे कलाकारों से संपर्क स्थापित कर ऐसे मेगा-शो प्रायोजित कराकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकते हैं। डीएम ने अधिकारियों को बड़ी स्क्रीन में लेजर शो को पहाड़ी में लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने मेले के उचित व्यवस्था मेला स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों और पालिकाध्यक्ष से जानकारी ली। मेले को भव्य बनाने के लिए कोई कोरकसर ना छूटे इसके लिए मेलाधिकारी और अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों को निभाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, सीडीओ सजंय सिंह, अपरजिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, सीओ शिवराज सिंह राणा, डीडीओ संगीता आर्या, तहसीलदार दीपिका आर्या,सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हाईकोर्ट ने दिए उत्तरायणी मेले के दौरान सरयू नदी में गंदगी को रोकने के निर्देश

नैनीताल/बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर निवासी पूरन सिंह रावत ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की ने उत्तरायणी मेले के दौरान सरयू नदी बागेश्वर में दुकानों का वेस्ट सरयू नदी में डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने डीएम बागेश्वर को निर्देशित किया है, कि नदी में इस तरह की गतिविधियां कतई न हों। इसे प्राथमिकता से देखा जाए।खंडपीठ ने राज्य सरकार, जिलाधिकारी व पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार है। याचिका में कहा गया है कि बागेश्वर में सरयू नदी के तट पर हर साल उत्तरायणी मेले का आयोजन नगर पालिका परिषद बागेश्वर व जिला प्रशासन की ओर से किया जाता है। नगर पालिका की ओर से सरयू नदी के तट पर सभी प्रकार की दुकानें आवंटित की जाती हैं। जिसमें खाने व मीट की दुकानें भी शामिल हैं। मीट की दुकानों का सारा वेस्ट सरयू नदी में डाला जा रहा है। जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है, कि सरयू नदी के तट पर कई मंदिर भी स्थित हैं। जिससे लोगो की धार्मिक भावनाओं का उलंघन भी किया जा रहा है। इसको रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों की ओर से कई बार जिला प्रशासन व नगर पालिका को प्रत्यावेदन दिया गया। लेकिन उनके प्रत्यावेदन पर कोई कार्यवाही अबतक नहीं की जा सकी है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है, कि इसपर रोक लगाई जाए जिससे नदी प्रदूषित न हो। वही उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जिला प्रशासन चौकन्ना हो गया है, डीएम ने सभी अधिकारियों को नदी में स्वच्छता बनाने के लिए विशेष पहल करने के निर्देश दिए है, उन्होंने सख्त लहजे में किसी प्रकार की कोताही नही बरतने के भी निर्देश दिए है।

## सौंदर्यीकरण पर असमाजिक तत्व लगा रहे पलीता

बागेश्वर(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक और पैराणिक महत्व रखने वाले उत्तराखंड का प्रमुख सीमावर्ती जनपद बागेश्वर स्थिति सरयू और गोमती नदी के पावन संगम बगड़ में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तरायणी पर्व की तैयारियों को पूर्ण किया जा चुका है। नगर पालिका द्वारा नगर को साफ रखने के साथ ही सौंदर्यीकरण के तहत विविध कार्य किए जा रहे हैं। उत्तरायणी मेले की तैयारियों को लेकर नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। वहीं डीएम अनुराधा पाल और मेलाध्यक्ष सुरेश खेतवाल लगातार मेले की भव्यता को लेकर प्रयास कर रहे हैं। परंतु असामाजिक तत्व इसे पलीता लगाने से चूक नहीं रहे हैं। पालिका के डीएम कार्यालय को जाने वाले पार्क में आने वाले स्वच्छता का ख्याल नहीं रख रहे हैं तथा इनके द्वारा पार्क की बैंच व गेट को नुकसान पहुंचाया गया है। बता दें कि नगर पालिका द्वारा कई स्थानों पर पार्क बनाए गए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्निंग वाक के लिए जाने वाले लोगों व फरियादियों के पैदल आने जाने पर थकान मिटाने के लिए पार्क नुमास्थान बनाया गया है जहां पर लोग बैठकर थकान मिटाते हैं। इस स्थान पर पालिका ने गत वर्ष ही बैंच व गेट का निर्माण किया गया था तीन बैंच भी लगाए गए थे जिसमें से अब मात्र एक बैंच रह गई है। जिससे मार्निंग वाक में जाने वाले सीनियर सीटिजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पार्क में प्रवेश करने के लिए बनाया गया गेट भी तोड़ दिया गया है जिसे किसी ने रस्सी से बांधकर रेलिंग में रखा है। नियमित रूप से वाकिंग करने वाले हरीश सिंह, ममता देवी ने बताया कि कई बार यह स्थान कपल प्वाइंट के रूप में नजर आता है तो कई बार इस स्थान पर किशोर नशा करते भी देखे जाते हैं जिस कारण यहां पर सभ्य लोगों का बैठना व गुजरना मुश्किल हो जाता है। अराजक धूम्रपान कर बीड़ी सिगरेट पीकर बेकार टुकड़ो को पार्क में फेक देते है, जिलाधिकारी कार्यालय मार्ग में स्थित पार्क के इस तरह के हाल होने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य वीरान स्थानों में किस तरह के हाल होंगे।

## सूचना अधिकार की जानकारी वाला कैलेंडर 2023 प्रकाशित

काशीपुर(उद संवाददाता)। सूचना अधिकार की नवीन जानकारी अब कैलेंडर के माध्यम से आम जनता को मिल सकेगी। इसके लिये सूचना अधिकार विशेषज्ञ नदीम उद्दीन एडवोकेट द्वारा एक कैलेंडर प्रकाशित कराया गया है। जिसमें 2023 के कैलेंडर के साथ उत्तराखंड सरकार के राजपत्रित व निबंधित अवकाशों की सूची को भी दर्शाया गया है। सूचना अधिकार की सामान्य जानकारी देने वाले श्री नदीम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर में सूचना का मतलब, सूचना अधिकार का मतलब, सूचना अधिकार के दायरे में शामिल प्राधिकारी, सूचना लेने की प्रक्रिया, सूचना हेतु अतिरिक्त शुल्क, सूचना देने की अवधि, प्रथम व द्वितीय अपील, लोक प्राधिकारियों/विभाग के सूचना अधिकार के अन्तर्गत दायित्व, सूचना अधिकार की विस्तृत जानकारी हेतु पुस्तकें, सोशल मीडिया (फेस बुक पेज व ग्रुप) उत्तराखंड सूचना आयोग तथा केन्द्रीय सूचना आयोग की वेबसाइटों की जानकारी शामिल है।श्री नदीम द्वारा प्रकाशित इस कैलेंडर को जहां उनके द्वारा स्वयं वितरित कराया जा रहा है वहीं इसे फेस बुक के 'सूचना अधिकार कानून' नामक पेज तथा 'सूचना अधिकार (आर टी आई)' ग्रुप पर जन सामान्य हेतु उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त इस कैलेंडर लेने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति मोबाइल न0 9411547747 पर एस.एम.एस. या व्हाट्स एप्प से सम्पर्क करके नि:शुल्क प्राप्त कर सकता है।श्री नदीम ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार सूचना अधिकार की जागरूकता के लिये कलैंडर का प्रकाशन व नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। इस कैलेंडर का उद्देश्य आम जनता तक सूचना अधिकार की जागरूकता फैलाना है ताकि आम जनता अधिक से अधिक सूचना अधिकार प्रयोग करने को सक्षम हो सके। कैलेंडर क्योंकि वर्ष भर रखा जाता है इसलिये इसके माध्यम से प्रकाशित सूचना अधिकार की जानकारी भी हजारों लोगों तक पहुंचेगी।

## चालकों से सवारियों को सुरक्षित यात्रा दिलाने की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हो गया है। पुलिस उपाधीक्षक व एआरटीओ ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाकर आम लोगों को जागरूक किया। शुभारंभ करते हुए यातायात नियमों का पालन नही करने, मनमानी करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्ती करेगी। पुलिस ने नगर क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन करने चालकों को वाहन चलाते समय शराब पीकर वाहन नही चलाने, और मनमानी करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।वही डुगडुगी बजाकर सभी वाहन चालकों को वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वा सवारियों को सुरक्षित यात्रा दिलाने की अपील की। वही सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने, स्पीड गवर्नर को लगाने की बात कही।चालकों को हिदायद दी कि वह यातायात के नियमों का पालन करें। पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने,और लापरवाही करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।व ही एआरटीओ के सी पलड़िया ने कहा कि नियम विरुद्ध और लापरवाही में यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले चालकों को बख्शा नही जाएगा। इस दौरान वाहनों में रिफ्लेक्टर आदि लगाए। इस मौके पर कोतवाल कैलाश सिंह नेगी, यातायात निरीक्षक जगदीश ढकरियाल, चंदन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।



## चिकित्सा शिविर में दो सौ मरीजों का हुआ चेकअप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय हृदय रोग एवं स्त्री व प्रसूति रोग चिकित्सा शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों का चेकअप किया गया। इस दौरान नि:शुल्क ओपीडी के साथ ही नि:शुलक ईसीजी भी की गयी। साथ ही अन्य जांचों में 25 प्रतिशत की छूट दी गयी। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अनु नमग्याल ने महिलाओं का चेकअप किया वहीं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसपी सिंह ने हृदय रोगों की जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान डा. एसपी सिंह ने कहा कि सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में शुगर, बीपी के रोगियों को विशेष सावधानी और समय समय पर चेकअप जरूर कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय रहते हृदय रोग का पता लगने पर हदयाघात के खतरे से बचा जा सकता है। इस अवसर पर नारायण अस्पताल का प्रशिक्षित स्टाफ भी मरीजोंकी सेवा मेंजुटा रहा।



## स्वयं सेवकों ने निकाली 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनता इंटर कालेज रूद्रपुर के एनएसएस शिविर में 'नई शिक्षा नीति' पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें नई शिक्षा नीति से अवगत कराया गया, साथ ही छात्रों ने नई शिक्षा नीति पर पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' रैली भी निकाली।रैली में स्वयं सेवको ने तख्तीयों, वैनर व नारों के माध्यम से लोगो को सन्देश देने की कोशिश की। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने कॉलोनी वासियों को इस विषय के महत्व को समझाया व संवाद किया। स्वयंसेवको ने 'बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका उपहार' व सृष्टि का सृजन है बेटी, घर का आंगन है बेटी' आदि नारो से रैली को शोभायमान किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी कु0 मनीषा जोशी ने कहा कि स्वयं सेवकों ने इस रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, स्वयंसेवियों ने लोगो को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' रैली के विषय में जानकरी प्रदान की व उसके महत्व के विषय में बताया। रैली में उपस्थित स्वयं सेवक, शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं बहुत उत्साहित थे और लोगो का भी बहुत सहयोग मिला। कु0 मनीषा जोशी ने उपस्थित सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तजेन्दर सिंह, सतेन्द्र, गोविन्द मजूमदार, अनिल कनौजिया, आदि शिक्षक व शिक्षिकाऐं शामिल थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### लोकतंत्र का अस्तित्व

न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच तनाव खत्म नहीं हो रहा।किसी न किसी बहाने इस पर सरकार की तरफ से टिप्पणी आ ही जाती है। उपराष्ट्रपति ने एक बार फिर दोहराया कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को लेकर बने कानून को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं ऐसा नहीं देखा गया कि संसद द्वारा पारित कानून को किसी दूसरी संस्था ने रद्द कर दिया हो। लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए संसद की स्वायत्तता और संप्रभुता सर्वोपरि है। इसके पहले भी उपराष्ट्रपति इस मुद्दे को रेखांकित कर चुके हैं। कुछ दिनों पहले कानून मंत्री ने भी तल्ख लहजे में कहा था कि अगर सर्वोच्च न्यायालय खुद ही अपनी नियुक्तियां करना चाहता है, तो फिर वह अपनी सिफारिशें भी हमारे पास न भेजे। दरअसल, सात साल पहले केंद्र सरकार ने संसद में संविधान संशोधन कर ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के गठन का प्रावधान किया था। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उसे मानने से इनकार करते हुए खारिज कर दिया था। तभी से सरकार और अदालत के बीच तकरार की स्थिति बनी हुई है।सरकार का तर्क है कि तमाम संवैधानिक संस्थाओं के सर्वोच्च और महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां सरकार करती है। उसी तरह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति भी सरकार की सहमति से होनी चाहिए। पहले ऐसा ही हुआ करता था। उसी के मद्देनजर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का प्रावधान किया गया। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने इसे संविधान की मूल भावना के अनुरूप न मानते हुए खारिज कर दिया था।सर्वोच्च न्यायालय को आशंका है कि अगर न्यायाधीशों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा, तो न्याय प्रक्रिया में बाधा पहुंचेगी और उचित न्याय की संभावना क्षीण होगी। कालेजियम प्रणाली इसीलिए बनाई गई थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ना शुरू हो गया था, जिसे लेकर अंगुलियां उठने लगी थीं। मगर इस प्रणाली को लेकर भी कहा जाता है कि चूंकि जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं, इसलिए उसमें भाई-भतीजावाद चल पड़ा है। इससे मुक्ति का रास्ता निकालना चाहिए। मगर वह रास्ता क्या हो, इस पर कोई आमराय बन नहीं पा रही। सरकार अपने ढंग से नियुक्ति चाहती है और अदालत को वह तरीका पसंद नहीं। हालांकि कालेजियम प्रणाली के तहत होने वाली नियुक्तियों में भी सरकार के पास नाम भेजे जाते हैं और वह उनमें से वरिष्ठता आदि को ध्यान में रख कर कुछ नामों पर मंजूरी देती है।मगर अब सरकार अदालत के सुझाए नामों को मंजूरी देने के बजाय लंबे समय तक चुप्पी साध लेती देखी जाती है। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय कई बार नाराजगी जता चुका है। जहां तक कानून को रद्द करने की बात है, विशेषज्ञ कहते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद द्वारा बनाए कानूनों की समीक्षा करने और उनके किसी भी रूप में संविधान की मूल भावना के अनुरूप न होने पर उन्हें रद्द करने का अधिकार है। इसलिए संसद की स्वायत्तता और संप्रभुता का तर्क पूरी तरह ठीक नहीं माना जा रहा। सर्वोच्च न्यायालय का कर्तव्य है कि वह संविधान की मूल भावना की रक्षा करे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के औचित्य पर उसने सवाल उठाए। दोनों के अधिकार अपनी जगह हैं, पर उनकी तकरार से आम लोगों में जो संदेश जा रहा है, वह भी ठीक नहीं।

# 12 फरवरी को दोबारा होगी पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अधिकारी ने पत्नी के साथ मिलकर बेचे थे 380 प्रश्न
## एसटीएफ ने किया भंडाफोड़,पांच आरोपियो को किया गिरफ्तार,41.50 लाख रू.बरामद

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी भर्ती का पेपर ली करने का मामला अभी थमा भी नहीं था कि अब एक बार फिर पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले का भंडाफोड़ करते हुए एसटीएफ ने पांचआरोपियो को दबोच लिया है साथ ही लाखों की





नगदी भी बरामद कर पूरे प्रकरण का खुलासा किया है। लोक सेवा आयोग की आठ जनवरी को हुई पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। पेपर आयोग के ही अति गोपन विभाग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने पत्नी के साथ मिलकर लीक कराया। एसटीएफ ने अनुभाग अधिकारी, पत्नी समेत पांच को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से परीक्षा सामग्री और 41.50 लाख रुपये बरामद हुए हैं। आयोग ने आरोपी अनुभाग अधिकारी को निलंबित करते हुए पटवारी भर्ती परीक्षा रद्द कर दी है। अब यह परीक्षा 12 फरवरी को दोबारा होगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि पटवारी लेखपाल भर्ती 12 फरवरी को कराने के साथ केवल सहायक लेखाकार परीक्षा को आगे बढ़ाया गया है। बाकी भर्तियों की परीक्षा परीक्षा कैलेंडर के हिसाब से ही होंगी। एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को पटवारी-लेखपाल भर्ती के पेपर लीक का खुलासा किया। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के दो दिन बाद पेपर लीक होने की सूचना मिली थी, जिस पर एसटीएफ की चार टीमें बनाकर हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों में रवाना की गई। शुरुआती पड़ताल में आयोग के ही एक कर्मचारी का हाथ सामने आ रहा था। एक अभ्यर्थी ने आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी के नाम का खुलासा किया। एसटीएफ ने इसकी गहराई पड़ताल कर उसे हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ के बाद पता चला कि अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी ने अति गोपन कार्यालय से पेपर का मोबाइल से फोटो खींचने के बाद पत्नी रितु को उपलब्ध कराया। इसके बाद रितु ने इस पेपर को राजपाल को दिया। राजपाल ने अपने अन्य लोगों के साथ मिलकर अभ्यर्थियों तक पेपर पहुंचाया और दो फॉर्म हाउस (बिहारीगढ़ व लक्सर) में हल करवाया। पूछताछ के आधार पर एसटीएफ ने संजीव चतुर्वेदी के साथी राजपाल, संजीव कुमार, रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया। खबर लिखे जाने तक मामले में एसटीएफ आरोपियों से प्रश्न पत्रों के अलावा 41 लाख 50 हजार रुपये बरामद कर चुकी थी। देर शाम एसटीएफ ने संजीव चतुर्वेदी की पत्नी रितु को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में हरिद्वार के कनखल थाने में आईपीसी 409, 420, 467, 468, 471, 120-बी और उत्तर प्रदेश उत्तराखंड सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) निवारण अधिनियम 1998 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। सूचना मिलने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी को सस्पेंड कर दिया। उन्हें सचिव कार्यालय में संबद्ध किया गया है। साथ ही आयोग ने आठ जनवरी को हुई पटवारी-लेखपाल परीक्षा रद्द कर दी है। अब यह परीक्षा दोबारा 12 फरवरी को होगी। 12 फरवरी को प्रस्तावित सहायक लेखाकार परीक्षा अब 19 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। आयोग की आठ जनवरी को हुई पटवारी लेखपाल परीक्षा के लिए 1,58,210 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,14,071 ने परीक्षा दी थी। यह परीक्षा आयोग ने प्रदेश में 498 केंद्रों पर कराई थी। गिरफ्तार कियेगये आरोपियों में संजीव चतुर्वेदी, आयोग अनुभाग अधिकारी, मूल निवासी बलिया, उत्तर प्रदेशए रितु पत्नी संजीव चतुर्वेदी, आयोग आवास, हरिद्वार राजपाल व संजीव कुमार निवासी ग्राम कुलचंदपुर उर्फ नथौड़ी, थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश,,रामकुमार पुत्र सुग्गन सिंह निवासी ग्राम सेठपुर लक्सर हरिद्वार संजीव चतुर्वेदी से 22 लाख 50 हजार रुपये,राजपाल से 10 लाख रुपये, पेपर के प्रश्नों की कॉपी,संजीव से आठ लाख रुपये, अभ्यर्थियों के दस्तावेज, चेक, प्रश्नों की कॉपी, राजकुमार से एक लाख रुपये, परीक्षा के प्रश्नों की कॉपी बरामद की गई है। संजीव चतुर्वेदी से पेपर मिलने के बाद राजपाल और संजीव ने बड़े सुरक्षित तरीके से काम किया। ज्यादा लोगों को पता न चले इसलिए उन्होंने पेपर सॉल्व करने के लिए किसी विशेषज्ञ की मदद नहीं ली। बल्कि, दोनों ने रिजॉर्ट और रामपाल के घर में खुद अभ्यर्थियों को बैठाकर गूगल के माध्यम से पेपर सॉल्व कराया।

## जोशीमठ के परिवारों की सुरक्षा के लिए हवन कराया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व संरक्षक रुपेन्द्र नागर के नेतृत्व में संस्था द्वारा जोशीमठ के भावना में आ रही दरार से मुक्ति दिलाने और जोशीमठ को हमेशा सुरक्षित रखने के लिए राजपुरा धोबी घाट स्थित शिव मन्दिर में हवन कर भगवान से प्रार्थना की गई। इस



दौरान संस्था के वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि जोशीमठ के भवनों में जो दरारें पड़ रही है वह बहुत ही चिंताजनक है। भगवान भक्त की मनोरथ को पूर्ण करते है इसीलिए उन्हें विश्वास है भगवान उनकी प्रार्थना को स्वीकार कर जोशीमठ को सदैव सुरक्षित रखकर प्रगतिशील बनाए रखने के लिए अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखेंगे। पंडित अशोक पाण्डेय शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा हवन संपन्न कराया।

## सहकारी समिति के खिलाफ किसानों ने की कार्रवाई की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। किसानों ने नंदपुर खेमपुर किसान सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर थानाध्यक्ष ने किसानों को मामले की जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व मे काफी संख्या में किसान थाने पहुंचे। और थानाध्यक्ष राजेश पांडे को समिति के पूर्व सचिव सहित अध्यक्ष एवं कर्मचारियों पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। इस



दौरान किसानों का आरोप था कि समिति में चारदीवारी के निर्माण कार्य, उर्वरक वितरण, कैश बुक व बिल बाउचरों में काट छांट कर बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में भी समिति के पदाधिकारी दोषी पाए गए हैं। जबकि इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजेश पांडेय का कहना था कि तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया, रोशन लाल सरना, संजय भांबरी, मदनलाल हुड़िया, राजकुमार, वीर सिंह, बिशन सिंह, धर्मपाल कंबोज सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## स्वामी हरि चैतन्य पुरी की किच्छा में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

किच्छा (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा आश्रम कामां, भरतपुर, राजस्थान के पीठाधीश्वर स्वामी हरि चौतन्य पुरी जी महाराज का आज यहां दीनदयाल चौक पर हरि भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर जयघोषों का साथ जोरदार स्वागत किया गया। जिसके पश्चात सुसज्जित वहां में श्री महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। स्वामी हरि चौतन्य पुरी जी महाराज यहां श्री कृष्ण बल्देव मंदिर, बरेली रोड़ में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक सम्मेलन में पधारे हैं। श्री कृष्ण बल्देव मंदिर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में धार्मिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शोभा यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती हुई श्री कृष्ण बल्देव मंदिर में पहुंच कर समाप्त हुई।मार्ग में अनेक स्थानों पर लोगों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। मंदिर में आज से श्री अखण्ड



मानस पाठ प्रारंभ हुआ। जिसका समापन 14 जनवरी को प्रात: 9 बजे होगा। आज सायं सात बजे श्री महाराज के पावन सानिध्य में लोहड़ी का पर्व मनाया जायेगा। कल 14 जावरी को प्रात: 9 बजे राम चरित मानस पाठ का सपापन होगा। इसके उपरांत 11बजे से 1 बजे तक भजन कीर्तन का साथ स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज प्रवचन कर हरि भक्तों का मार्ग दर्शन करेंगे। तत्पश्चात 1 बजे से भंडारा वितरित किया जायेगा।

## युवा दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

काशीपुर (उद संवाददाता)।सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गांव करनपुर में युवा दिवस के अवसर पर सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट श्री उमेश जोशी जी (स्थाई लोक अदालत के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ सदस्य), पैनल अधिवक्ता मोहम्मद आकिब सैफी जी, च्स्ट रणधीर सिंह सैनी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, च्स्ट कुसुमलता जी, रवि साहनी जी जिला महामंत्री भाजपा, हिमांशु जी उपस्थित रहे। जोशी ने बताया कि खेल से लोगों में भाईचारे की भावना बनती हैं




और गांव क्षेत्र जिला व देश - प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में रवि साहनी जी रहोमंच का संचालन करते हुए क्षेत्र में नीतिश कुमार ने बताया कि गांव करनपुर में पिछले 7 दिनों से खेलकूद प्रतियोगिता का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें प्रत्येक दिन अलग- अलग खेल कराए जा रहे थे। जैसे कबड्डी, सूर्य नमस्कार, वॉलीबॉल, 1 किलो मीटर दौड़, 500 मीटर दौड़, नींबू चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट खेल कराए गए, समापन में सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल-ट्रॉफी देकर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में सूर्य संस्कार केंद्र बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सेवा प्रमुख भारत शाह हिमांशु, सूर्या संस्कार केंद्र के शिक्षक दीपक, सुनील, अनिकेत, रंजीत, रितिक, उदय, विजय, शिवम उपस्थित रहे।

## शिविर में ग्रामीणों का हुआ हेल्थ चेकअप

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम-बी द्वारा ग्राम जयनगर नंबर दो में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें लगभग 110 महिला,बच्चे ,बुजुर्ग ने चेकअप कराया।टीम में डॉ रेखा, केएन जोशी



फार्मासिस्ट, माधवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं आशा कार्यकर्तीयां उपस्थित रही। टीम प्रभारी डॉक्टर विकास सचान ने बताया कि आरबीएसके टीमों द्वारा जनपद में प्रतिदिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी महोदय के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया जाता रहता है।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए बनाई रणनीति

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। आगामी गणतन्त्र दिवस से पूरे प्रदेश में शुरू होने जा रहे कांग्रेस के हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को लेकर बैठक में रणनीति तैयार की गयी। अपने सम्बोधन में जनपद के काँग्रेस प्रभारी एंव प्रदेश काँग्रेस महासचिव महेश शर्मा ने कहा कि भारत जोडो यात्रा में पूर्व काँग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश काँग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में दो महीने हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाया जायेगा। जिसमें प्रदेश की ध्वस्थ कानून व्यवस्था, धामी सरकार का कुशासन, बढ़ती मँहगाई, बेरोजगारी की बड़ी समस्या सहित प्रदेश में अराजकता के माहोल से जनता को चौपालों एंव पदयात्रा घर हर घर काँग्रेस की डोर कार्यक्रम से जागरूक करके पार्टी घर नये कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय एंव संचालन पूर्व बीस सूत्रीय कार्यक्रम उपाध्यक्ष त्रिलोचन जोशी ने किया।कार्यक्रम में कार्यकारी जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र भोज गुडडू ने कहा कि काँग्रेस संगठन पूरी गम्भीरता घर जिम्मेदारी से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनायेगा। प्रत्येक काँग्रेस कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी देनी हैं। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में जुड़ने के



लिए अपना सहयोग देने का आह्वान कियाब्लाँक अध्यक्ष देवेन्द्र बिष्ट, पूरन सुप्याल, शिवराज नयाल, गोपाल सिंह, मनोज रावत, महेश नेगी, पूर्व प्रमुख रमेश भाकुनी, राधा बिष्ट, लीला जोशी, जया जोशी, सरस्वती देवी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, छात्रसंघ उपाध्यक्ष रूचि कुटैला आदि ने तैयारियों के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। प्रभारी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के लिए प्रभारी घर सहप्रभारी नगर एंव ब्लाँक में नियुक्त किये अल्मोड़ा नगर मे त्रिलोचन जोशी प्रभारी एंव गीता महरा सह प्रभारी, हवालबाग प्रथम प्रदीप बिष्ट प्रभारी एंव राजेन्द्र बोरा सह प्रभारी हवालबाग द्वितीय में गोपाल खोलिया प्रभारी एवं हरीश रौतेला सह प्रभारी, भैसियाछाना में संजय दुर्गापाल प्रभारी एंव परितोष जोशी पप्पू सह प्रभारी नियुक्त किये गये। काँग्रेस जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कहा कि सांगठिक जनपद अल्मोड़ा की तीनों विधानसभाओं में हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को पूरे जोश से मनाया जायेगा। प्री। नगर पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने कहा कि जनता प्रदेश की धामी सरकार से परेशान हैं। इसलिए जनता के अधिकारों के लिए काँग्रेस पार्टी को ऐसे कार्यक्रमों से जनता के बीच विश्वास पैदा करना हैं।कार्यक्रम में नगर काँग्रेस अध्यक्ष पूरन सिंह रौतेला, पी सी सी सदस्य दान सिंह नेगी, दिनेश पिलख्वाल, हर्ष कनवाल, गोपाल सिंह चध्हान, दिनेश रावत, जिला सचिव भीमा पवार, सुनील कर्नाटक, नमित जोशी, पूरन सिंह बिष्ट संजय दुर्गापाल, महेश लाल आर्य ने भी अपने विचार रखें।बैठक में अम्बीराम, दानिश खान, तारा चन्द्र जोशी, तारू तिवारी, अमन अंसारी, निजाम कुरैशी, छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज कार्की, मनोज वर्मा, छात्रसंघ रूचि कुटौला, शेर सिंह बिष्ट आदि थे।

# सड़क निर्माण के कार्यों में लायें तेजी: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने सल्ट, भिकियासैंण, द्वाराहाट एवं चौखुटिया के क्षेत्रांतर्गत आने वाले विभिन्न मोटर मार्गों की समीक्षा संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक कर की। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई, वेपकॉस तथा एनपीसीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों के कार्य अधूरे हैं, उनके संबंध में सभी प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें साथ ही कहा कि उक्त यदि प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता हो तो संबंधित उपजिलाधिकारी को प्रकरणों के बारे में अवगत कराया जाए। । जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन सड़कों के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, उनके कार्यों की गुणवत्ता आदि का निरीक्षण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित उपजिलाधिकारी /तहसीलदार से अनिवार्य रूप से कराए एवं निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि मार्गों के संयुक्त निरीक्षण में यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई शिकायत आती है तो संबंधित अभियंता एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोटर मार्गों का समय समय पर स्वयं भी अनुवीक्षण करते रहे तथा मार्गों के कार्यों में जो भी कमियां सामने आएं तो उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि सड़कों की गुणवत्ता एवं अन्य समस्याओं के चलते ग्रामीणों या जिला प्रशासन से कोई शिकायत के बारे में अवगत कराया जाता है, तो इसका त्वरित संज्ञान लेते हुए शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई द्वाराहाट दीप चंद्र जोशी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वीकृत मोटर मार्ग का अविलंब निर्माण नहीं होने पर होगा आन्दोलन: पीताम्बर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जागेश्वर विधानसभा अन्तर्गत ग्रामसभा कोला एवं ग्राम पंचायत मयोली के ग्राम चिमखोली तक स्वीकृत



मोटर मार्ग का अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ ना होने पर धौलादेवी के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने गहरा रोष व्यक्त किया है।इस हेतु उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भी प्रेषित किया।मुख्यमंत्री को सम्बोधित शिकायती पत्र में श्री पाण्डेय ने कहा है कि खेती जटेश्वर मोटर मार्ग के जाजरबैण्ड से तल्ला जाजरकोला तक अवशेष मोटर मार्ग की स्वीकृति शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा को2015-16 में दी गयी थी।जिसमें वन भूमि हस्तांतरित होकर वृक्षों का पातन कार्य भी 2016-17 में किया जा चुका था। लेकिन छह वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति ना मिलने का बहाना बनाकर ग्रामीणों को यातायात की सुविधा से वंचित किया गया है।साथ ही स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के गांव चिमखोली को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु छः वर्ष पूर्व शासन द्वारा विभाग को स्वीकृति प्रदान की गयी थी।लेकिन विभागों की लापरवाही के कारण अभी तक वन भूमि हस्तांतरण सहित निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं हो पायी है जिससे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के गांव चिमखोली के निवासी पांच किलोमीटर विकट चढ़ाई एवं जंगल मार्ग से आने जाने को मजबूर हुए हैं।उन्होंने कहा कि विभाग एवं सरकार की लापरवाही/ अनदेखी के कारण आज यहां के निवासी सड़क के लिए संघर्षरत है।श्री पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अविलंब इन दोनों मोटर मार्गों का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो वे स्थानीय जनता को साथ लेकर सरकार/विभाग के खिलाफ व्यापक जन आन्दोलन को बाध्य होंगे।उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री से भी अनुरोध किया है कि जनहित में उक्त मोटर मार्गों की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण हेतु सम्बन्धित को आदेश निर्गत करें।

# नालों के निर्माण के लिए शीघ्र पूर्ण करें तैयारी: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।नगर के लिए बन रहे ड्रेनेज प्लान के प्रथम चरण की शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिलाधिकारी वंदना ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर नालों के निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रथम चरण में लिए गए 39 नालों के निर्माण हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व तैयारी हेतु जो भी आवश्यक कार्यवाही की जानी है उन्हें कर लिया जाए ताकि फरवरी तक कार्य प्रारंभ किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर ली जाए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोविंद बल्लभ पंत हिमालयन पर्यावरण संस्थान के साथ मिलकर इंदिरा कॉलोनी, राजपुरा एवं खत्याडी के संवेदनशील वार्डों का भू सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारों को निर्देश दिए कि नालों के निर्माण के समय पानी की पाइप लाइन शिफ्टिंग के



समय जलापूर्ति प्रभावित न हों इसके लिए जलापूर्ति को वैकल्पिक व्यवस्था करने को भी कहा गया, उन्होंने कहा कि नाला निर्माण एवं पाइप शिफ्टिंग का कार्य साथ साथ किया जाए। इसके लिए पाइप शिफ्टिंग हेतु रोस्टर बनाकर क्षेत्रों में पाइप शिफ्टिंग का कार्य करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि द्वितीय चरण के प्राक्कलन में घरों के सीवेज लाइन को नालों के नीचे से लाने की संभावना पर भी विचार करें, तथा कहा कि इस प्रक्रिया में सभी घरों के शोकपिट को हटाकर सभी घरों के सीवेज को सीधे सीवेज लाइन से जोड़ें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता के साथ बिलकुल भी समझौता नहीं किया जाए। विशेष रूप से खत्याडी, राजपुरा आदि क्षेत्रों में ड्रेनेज एवं सीवेज का कार्य एक साथ रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि नालों के मुख्य 5 निकासों की जानकारी जल निगम के अधिकारियों के साथ साझा करें, जिससे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने में जगह चयन करते हुए इसका ध्यान रखा जा सके।

# कृष्णा देवी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया



गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 5 सिटी मॉडल स्कूल के पास गदरपुर निवासी अमीरचंद गुंबर की धर्मपत्नी राजू गुंबर एवं राकेश गुंबर की माता श्रीमती कृष्णा देवी के आकस्मिक निधन पर पर विभिन्न राजनीतिक ,धार्मिक ,सामाजिक, व्यापारिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से जुड़े लोगों एवं गदरपुर प्रेस क्लब सदस्यों द्वारा उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया। दोपहर बाद माताजी कृष्णा देवी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार मोक्ष धाम परिसर गदरपुर में कर दिया गया।

# बीएएमएस की फर्जी डिग्री बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने बीएएमएस की फर्जी डिग्री तैयार कर इन्ध्हें बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह का सरगना इकलाख उत्ध्तर प्रदेश के शेरपुर मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। आरोपित का वहां अपने भाई इमरान के साथ मिलकर बाबा ग्रुप आफ कालेज के नाम से मेडिकल कालेज संचालित करता है। इकलाख हिस्ध्ट्रीशीटर है। गिरोह राजीव गांधी हेल्थ एण्ड साईस यूनिवर्सिटी कर्नाटक के नाम से फर्जी डिग्री तैयार कर 28 से 30 लाख रुपये में बेचता था। एसटीएफ ने उत्ध्तराखंड में 36 ऐसे फर्जी बीएएमएस डिग्रीधारकों को चिह्नित किया है। उन्ध्होंने यहां भारतीय चिकित्ध्सा परिषद में पंजीकरण कराया हुआ है। देहरादून से ऐसे दो फर्जी डिग्रीधारकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह के सरगना को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसका भाई फरार बताया जा रहा है। गिरोह के सरगना के पास से कई राज्यों के विश्विविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां, मुहर, लेटरहेड व अन्ध्य दस्ध्तावेज बरामद हुए हैं।

# 231 राजस्व ग्रामों को नियमित पुलिस में हस्तगत करने की कवायद शुरू

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जनपद अल्मोड़ा के 231 राजस्व ग्रामों को नियमित पुलिस क्षेत्राधिकार में सम्मिलित किये जाने की शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिला अधिकारी वन्दना ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत, उप जिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा, जैंती/भनोली, द्वाराहाट/चौखुटिया, भिकियासैंण एवं सल्ट खुमाड़ को निर्देश दिये है कि अधिसूचना में अंकित 231 राजस्व ग्रामों के राजस्व पुलिस अभिलेखों को नियमानुसार नियमित पुलिस को हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे। जनपद अल्मोड़ा के थाना द्वाराहाट अन्तर्गत 90 राजस्व ग्रामों, कोतवाली रानीखेत अन्तर्गत 07 राजस्व ग्रामों, थाना सल्ट अन्तर्गत 79 ग्रामों, थाना सोमेश्वर अन्तर्गत 01 राजस्व ग्राम, थाना भतरौजखान अन्तर्गत 15 ग्रामों, थाना चौखुटिया अन्तर्गत 20 ग्रामों, रि0पु0 चौकी भिकियासैंण (थाना भतरौंजखान) अन्तर्गत 14 ग्रामों, रि0पु0 चौकी मोरनौला (थाना लमगड़ा) अन्तर्गत 01 राजस्व ग्राम, रि0पु0 चौकी मासी (थाना चौखुटिया) अन्तर्गत 02 राजस्व ग्रामों, रि0पु0 चौकी एनटीडी (कोतवाली अल्मोड़ा) अन्तर्गत 02 राजस्व ग्रामों को नियमित पुलिस क्षेत्राधिकार में सम्मलित किया जाना है।

## पेज एक का शेष...

**पेपर लीक पर फूटा..**यहां तक कि एक पटवारी की परीक्षा भी सरकार पारदर्शिता के साथ संपन्न नहीं करा पा रही है। यह अपने आप में सवालिया निशान है। युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और घोटालों की सीबीआई जांच की मांग की।

**यूकेएसएसएससी की भर्ती..**गया। याचिकाकर्ताओं के अनुसार उन्होंने मेहनत करके यह परीक्षा पास की लेकिन सरकार ने उनको बिना वजह ज्वॉइनिंग नहीं दी। मामले में हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सरकार और आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**दोचोरियोंका ...**में हिमाशु शर्मा पुत्र स्व0 विजय कुमार शर्मा निवासी सकलापुर थाना श्यामत गंज जिला बरेली तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लैपटाप, 6 मोबाईल, 5 चार्जर तथा डाटा केबल आदि सामान बरामद कर लिया। खुलासा करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौर, वरिष्ठ उप निरीक्षक कमल हसन, वरिष्ठ उपनिरीक्षक के0सी0 आर्या, उपनिरीक्षक दिनेश परिहार, ,उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह,हेड कांस्टेबल सुभाष, कांस्टेबल हरीश रावत, कांस्टेबल गिरीश और महेश पंचपाल आदि शामिल थे।

**तमंचा और कारतूस..**युवक को शक के आधार पर धर दबोचा। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जांच पड़ताल में पुलिस को उसके पास से अवैध हथियारों के साथ बनाए गए वीडियो भी मिले। जरूरी जानकारी जाने के बाद पकड़े गए बदमाश के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। उधर दूसरी ओर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश पहले भी जेल जा चुका है।

**पूजा अर्चनाके साथ...**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर चल सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, दिवाकर पाण्डेय, दया किशन दनई , राजेंद्र बोरा, दिनेश पंत, सतीश लोहनी, दान सिंह मेहरा, केशव पनेरु, हरीश दनई, महेश कांडपाल, शैलेंद्र रावत, रजनी रावत,डॉ एनबी पाठक, कमला पाठक, नीलम कांडपाल, सुधा ज्योति, लीला दनई, सुनीता पांडेय, मंजू दनई, दीपा जोशी, दीपा मटेला,हरिनंदन जोशी, धीरज पांडेय, मोहन उपाध्याय, संजीव उधौरी, जगदीश बिष्ट, दिनेश भट्ट आदि उपस्थित रहे

**हजारों की नगदी..**में जुआ खेल रहे चार जुआड़ियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस के फंड़ से 20 हजार रुपयों की नकदी के अलावा ताश की गड्डी बरामद की। जामा तलाशी में जुआरियों के कब्जे से 10 हजार रुपयों की नकदी बरामद हुई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम वार्ड नंबर 7 मोहल्ला महेश पुरा निवासी मंगल पुत्र स्वर्गीय काले, वार्ड नंबर 13 मोहल्ला महेशपुरा निवासी साजिद पुत्र मोहम्मद यूनुस अंसारी, वार्ड नंबर 18 टांडा उज्जैन निवासी साकिर पुत्र बाबू, वार्ड नंबर 22 लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी बाबू पुत्र लतीफ तथा वार्ड नंबर 26 मोहल्ला बांसफोड़ाडन निवासी अरमान पुत्र फुरकान बताया।जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों का गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया।

**हादसों में घायल...**मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर उन्हें अपने गाड़ी में लाद लिया और रामनगर के राजकीय अस्पताल के मुख्य द्वार पर अचेतावस्था में छोड़कर भाग निकले। होश आने पर पत्रकार ने मोबाइल फोन से घटना की जानकारी अपने रामनगर के संवाददाता राजीव अग्रवाल को दी। स्थानीय पत्रकारों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिलाया। इसके बाद बेहद नाजुक हालत में घायल पत्रकार को रामनगर से एंबुलेंस में काशीपुर भेजा गया। मामले की तहरीर घायल पत्रकार की पत्नी द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गयी है। फिलहाल आरोपी कार चालक का पता नहीं लग पाया है। हादसा इतना भीषण था कि पत्रकार की मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। एक्सीडेंट की घटना में वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव के सिर में दो जगह से हड्डी फ्रैक्चर हो गई। इसके अलावा उनका बांया हाथ भी फ्रैक्चर हुआ। सिर व पैर में खुली चोटें भी आई। मोबाइल भी टूट गया।

**चोरी की योजना...**में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने रामनगर रोड स्थित गवर्नमेंट हॉस्पिटल के पिछले हिस्से में झाड़ियों में छिप कर चोरी की योजना तैयार कर रहे चार शातिर बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी में चारों के कब्जे से पुलिस को चार अदद चाकू बरामद हुए। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अपना नाम गड्ढा कॉलोनी निवासी नाजिम पुत्र नन्हे, फिरोज पुत्र मोहम्मद यूसुफ, बैलजूड़ी थाना कुंडा निवासी मुस्तकीम पुत्र हबीब तथा कुमाऊं कॉलोनी गली नंबर 6 मस्जिद के पास निवासी मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद मोबीन बताया। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार चोरों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**घर से नगदी...**कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 10 जनवरी की रात्रि वह कमरे में खाना खाकर सो गया। सुबह उठा तो देखा कमरे में मोबाईल तथा उसकी पत्नी का पर्स गायब था। जो रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। देवेन्द्र का कहना है पर्स में पत्नी की 2 जोड़ी चांदी की पायले,2 चांदी के कंगन व 5500 रूपये थे।पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)